**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding alleged adverse impact on bio-diversity of Pawai lake due to construction of bicycle track around it.

**श्री मनोज कोटक (मुंबई उत्तर-पूर्व):** महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में पवई तालाब एक ऐतिहासिक तालाब है । सवा सौ साल पुराने तालाब का रख-रखाव करना हम सबकी जिम्मेदारी है । हेरिटेज कक्षा में इस तालाब को हेरिटेज का दर्जा प्राप्त है । वहाँ के स्थानीय प्राधिकरण ने इस तालाब के अंदर एक साइकिल ट्रैक बनाने का काम शुरू किया है । इस तालाब को साफ रखना, आजू-बाजू की सोसायटियों की सीवरेज लाइन को दूर करना, यह प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन साइकिल ट्रैक बनाने से यहाँ की बायोडायवर्सिटी को खतरा हो सकता है । यहाँ पर क्रोकोडाइल और साँप की विशिष्ट जातियाँ पाई जाती हैं, इन सबको खतरा हो सकता है । इस तालाब के रख-रखाव के लिए, इस तालाब को एक ऐतिहासिक दर्जा प्राप्त है, मेरी आपके द्वारा सरकार से माँग है कि पर्यावरण प्रेमियों की माँग को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण एक्सपर्ट्स का एक पैनल वहाँ भेजा जाए और इस तालाब में जो यह काम शुरू हुआ है, उसे तत्काल रोक दिया जाए ।